# कार्यवृत्त

[संक्षिप्त कार्य-विवरण]

---------

शुक्रवार, 01 फाल्गुन, शक संवत् 1947

(20 फरवरी, 2026 ई0)

खण्ड-531

अंक-10

विधान सभा का कार्य सभा-मण्डप, लखनऊ में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष के पीठासीन होते ही संसदीय कार्य मंत्री ने पीठ के माध्यम से सदन को सूचित किया कि आज प्रश्न काल के उपरान्त क्रमशः दलीय नेता, नेता विरोधी दल व मुख्य मंत्री को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय व्ययक पर बोलना है।

श्री अध्यक्ष ने कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम से सदन को अवगत कराते हुए कहा कि आज कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं नहीं ली जाएंगी। अपराह्न 02 बजे नेता विरोधी दल व 03 बजे मा0 मुख्य मंत्री बजट चर्चा में प्रतिभाग करेंगे।

प्रश्न पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये।

आज की कार्य-सूची के नत्थी 'क' के तारांकित प्रश्न संख्या-15 के जवाब से असन्तुष्ट होकर नेता विरोधी दल अपने दल के सदस्यों सहित सदन से बहिर्गमन कर गये।

तदपुरान्त आज नियम-301 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं के सम्बन्ध में श्री अध्यक्ष द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि ग्राह्यता के अन्तर्गत आने की दशा में आज की उपस्थिति में उपस्थित सदस्यों की सूचनाएं स्वीकार की जाएंगी।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष द्वारा विगत उपवेशन में नियम-51 के अन्तर्गत सदन से अनुपस्थित रहने पर भी उनकी सूचनाएं लग जाने के सम्बन्ध में दी गयी व्यवस्था पर श्री अध्यक्ष द्वारा जानकारी मांगे जाने पर प्रमुख सचिव, विधान सभा द्वारा अवगत कराया गया कि इन्क्वायरी आरम्भ कर दी गयी है।

तदुपरान्त श्री कमाल अख्तर तथा श्री लक्ष्मी राज द्वारा अपनी नियम-301 की सूचना को सदन के समक्ष पढ़ा गया तथा शेष सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गयीं, जो निम्नवत् हैं :-

आज दिनांक 20 फरवरी, 2026 को नियम-301 के अन्तर्गत कुल 143 सूचनाएं प्राप्त हुईं, निम्नलिखित माननीय सदस्यों की सूचनाएं स्वीकार की गयीं :-

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | श्री बाबूलाल | जनपद आगरा के ब्लाक अछनेरा में पक्का नाला बनवाये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
| --- | --- | --- |
| 2 | श्री रामखिलाड़ी सिंह | जनपद सम्भल के कतिपय विकास खण्डों में कतिपय मार्गों के डामरीकरण के सम्बन्ध में। |
| 3 | श्री गौरी शंकर वर्मा (कोरी) | जनपद जालौन के उरई में काशीराम कॉलोनी के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में। |
| 4 | श्री मदन भैया | जनपद गाजियाबाद के लोनी में सफाई व कूड़ा प्रबन्धन में हो रही मनमानी व भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में। |
| 5 | डॉ0 वीरेन्द्र यादव | जनपद फिरोजाबाद के नगला दल में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 6 | श्री राजेन्द्र कुमार | जनपद प्रतापगढ़ के सदर में सभी निकायों के निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन नगर विभाग के अवर अभियन्ता से कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 7 | श्री प्रदीप शुक्ला | जनपद गोरखपुर के सहजनवां में पुल के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 8 | श्री जवाहर लाल राजपूत | जनपद झांसी के ब्लाक बामौर के ग्राम कुरेठा में राजकीय विद्यालय के जर्जर भवनों का प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 9 | श्री राम मूर्ति वर्मा | जनपद अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत टाण्डा में कतिपय सड़क की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 10 | श्री त्रिभुवन दत्त | जनपद अम्बेडकरनगर के आलापुर में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में। |
| 11 | श्री चन्द्र प्रकाश लोधी (एडवोकेट) | जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर अन्तर्गत कतिपय स्थानों पर पुलियों का निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 12 | डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति | जनपद हमीरपुर के विकास खण्ड कुरारा में नयी टंकी की स्थापना के सम्बन्ध में। |
| 13 | श्री हाकिम लाल बिन्द | जनपद प्रयागराज के ग्राम सभा भुई मुसहर बस्ती से पुरे सुखवा बिन्द बस्ती तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 14 | श्री राकेश कुमार गोस्वामी | जनपद महोबा में सरकारी मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 15 | श्री मोहन वर्मा | जनपद कुशीनगर के हाटा में तरणताल निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 16 | श्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह | जनपद खीरी के विकास खण्ड मोहम्मदी के नगर पंचायत बरबर में मुख्य मंत्री कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
| --- | --- | --- |
| 17 | श्री हरिओम | जनपद कासगंज के अमांपुर के विकास खण्ड सिडपुरा में खेल स्टेडियम के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 18 | श्री मनीष कुमार उर्फ मन्टू | जनपद कुशीनगर में संचालित स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में किये गए भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में। |
| 19 | श्री गणेश चन्द्र | जनपद सन्तकबीरनगर के विकास खण्ड पौली में सी0 एच0 सी0 का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 20 | श्री गुरु प्रसाद मौर्य | जनपद प्रयागराज के फाफामऊ में कतिपय स्थान पर नाली के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 21 | डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा | जनपद प्रयागराज के अन्तर्गत प्रयागराज प्राधिकरण द्वारा ग्राम फाफामऊ के आराजियों का बिना अधिग्रहण किये जबरन कब्जा कर उन्हें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 101 बटालियन को विक्रय करने के सम्बन्ध में। |
| 22 | श्री पीयूष रंजन निषाद | जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र करछना में मार्ग के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 23 | श्री आशीष कुमार सिंह 'आशू' | जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम मल्लावां के ग्राम मझगांव, जनपद हरदोई में स्टेडियम निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 24 | श्री अरविन्द कुमार सिंह | जनपद शाहजहाँपुर के विधान सभा क्षेत्र ददरौल में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 25 | डॉ0 अमित सिंह चौहान | जनपद अयोध्या की तहसील सोहावल में मार्गों की मरम्मत में गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने के कारण दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 26 | श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी | जनपद लखनऊ के पारा गोविन्द नगर में पेयजल हेतु पाइप लाइन डाले जाने हेतु धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 27 | श्री अतुल प्रधान | जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सरधना के अन्तर्गत लावाद जलालपुर में सड़क की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 28 | श्री राजेश कुमार गौतम | जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज में कतिपय खड़न्जा मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 29 | श्रीमती सरोज कुरील | जनपद कानपुर के विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत धमना के आर0 डी0 मेमोरियल डेवलपमेण्ट सोसाइटी के बदलाव में फर्जी तरीके से किये गये हस्ताक्षर एवं डिप्टी रजिस्ट्रार कानपुर मण्डल के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में। |
| 30 | श्री सुरेन्द्र मैथानी | जनपद कानपुर के विधान सभा क्षेत्र गोविन्द नगर में 3 लाख की आबादी को प्रभावित करने वाले कतिपय वार्डों में सीवर लाइन डलवाए जाने के सम्बन्ध में। |
| 31 | श्री मुकेश चौधरी | जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र नकुड़ में घाट का निर्माण कार्य नमामि गंगे योजनान्तर्गत कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 32 | श्री विकास गुप्ता | जनपद फतेहपुर के नगर पालिका क्षेत्र में सी0 सी0 रोड व नाली बनवाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 33 | श्री विनोद शंकर अवस्थी | जनपद खीरी के धौरहरा में कतिपय मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में। |
| 34 | श्री प्रभात कुमार वर्मा | जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र गौरा के ग्राम पंचायत वीरपुर में डॉ0 अम्बेडकर पार्क में डॉ0 भीमराव जी की प्रतिमा स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 35 | श्री किरत सिंह | जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र गंगोह में कतिपय मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में। |
| 36 | श्री देवेन्द्र सिंह लोधी | जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र स्याना में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 37 | श्री राम पाल वर्मा | जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बालामऊ में कतिपय मार्ग के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में। |
| 38 | श्री सीताराम वर्मा | जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड लम्भुआ में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 39 | श्री नन्द किशोर | जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी में जर्जर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 40 | श्री धर्मराज निषाद | जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र कटेहरी में पुल के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 41 | श्री रामवीर सिंह | जनपद मुरादाबाद के विधान सभा क्षेत्र कुन्दरकी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 42 | श्री निर्मल वर्मा | जनपद सीतापुर के तहसील बिसवां में कतिपय सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 43 | श्री सत्यपाल सिंह राठौर | जनपद एटा के ब्लाक जैथरा में कतिपय मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में। |
| 44 | श्री राम अचल राजभर | जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 45 | श्री अजय सिंह | जनपद गोण्डा के करनैलगंज में कतिपय पौराणिक स्थल के पुनरुद्धार के सम्बन्ध में। |
| 46 | श्री प्रेम नरायन पाण्डेय | जनपद गोण्डा के तरबगंज में कतिपय मार्ग के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में। |
| 47 | श्री राजेन्द्र सिंह पटेल | जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत ग्राम बसन्तखेड़ा में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 48 | श्री प्रेमसागर पटेल | जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र सिसवां में ठुथिबादी ग्राम पंचायत को टाउन एरिया बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 49 | श्री राजीव तरारा | जनपद अमरोहा के धनौरा में दारानगर गंगा जी के टापू पर बसा हुआ है, अतः उसे किसी अन्य स्थान पर बसाए जाने के सम्बन्ध में। |
| 50 | डॉ0 पल्लवी पटेल | होम्योपैथिक निदेशालय द्वारा की जा रही घोर वित्तीय अनियमितता के सम्बन्ध में। |
| 51 | श्री संजीव अग्रवाल | बरेली सिविल एअरपोर्ट से चार धाम यात्रा के लिए हेलीकाप्टर सेवा आरम्भ किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 52 | श्री चन्द्रपाल सिंह | जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र डिबाई में राजकीय कन्या डिग्री कॉलेज बनवाने के सम्बन्ध में। |
| 53 | डॉ0 रागिनी | जनपद जौनपुर के मछलीशहर में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 54 | डॉ0 मन्जू शिवाच | जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर में कतिपय सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 55 | श्री स्वामी ओउ्मवेश | जनपद बिजनौर के चाँदपुर में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 56 | इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | प्रदेश के राज्य मार्गों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने के सम्बन्ध में। |
| 57 | श्री राजेश चौधरी | जनपद मथुरा के विधान सभा क्षेत्र मांट में जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के काम की दयनीय स्थिति के सम्बन्ध में। |
| 58 | श्री भगवान सिंह कुशवाहा | जनपद आगरा के खैरागढ़ में पक्की सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 59 | श्री कैलाश सिंह राजपूत | जनपद कन्नौज के तिर्वा में नवीन पर्ती भूमि एवं चक मार्ग की भूमि पर भू-माफियाओं से कब्जा मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 60 | श्री हाजी नासिर कुरैशी | जनपद मुरादाबाद के ग्राम पंचायत भोजपुर में कच्चे मार्ग के नव निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 61 | श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू | जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज में कतिपय सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 62 | श्री समरपाल सिंह | जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र सादात में पक्की सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 63 | श्री राजेन्द्र कुमार | जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 64 | श्री रविदास मेहरोत्रा | उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराकर समुचित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 65 | श्री विशम्भर सिंह यादव | जनपद बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर व नर्स की तैनाती के सम्बन्ध में। |
| 66 | श्री मो0 ताहिर खान | जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र इसौली में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 67 | श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी | जनपद बस्ती के रुधौली में कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 68 | श्री श्याम सुन्दर | जनपद रायबरेली के कतिपय मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 69 | श्री राम अवतार सिंह | जनपद बिजनौर के नूरपुर में कतिपय नाली की सफाई एवं अवशेष नाला निर्माण के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 70 | श्रीमती सैय्यदा खातून | जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज में पिच रोड की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 71 | श्री संग्राम सिंह | जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र फेफना में मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 72 | श्री जियाउद्दीन रिजवी | विधान सभा क्षेत्र सिकन्दरपुर के ग्राम सिसोटार में चकबन्दी प्रक्रिया पूरी करते हुए चकों का सीमांकन करने के सम्बन्ध में। |
| 73 | श्री मोहम्मद हसन 'रूमी' | जनपद कानपुर नगर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड-36, मुंशीपुरा शहीद पार्क के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में। |
| 74 | श्री जाहीद | जनपद भदोही के भदोही नगर में कतिपय मार्ग की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 75 | श्री अखिलेश | जनपद आजमगढ़ के मुबारकपुर में सड़क निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 76 | श्री दुर्गा प्रसाद यादव | जनपद आजमगढ़ के रानी की सराय ब्लाक में बालिका डिग्री कालेज की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 77 | श्रीमती मनीषा अनुरागी | जनपद हमीरपुर के राठ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 78 | श्री विवेकानन्द पाण्डेय | जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र खड्डा के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 79 | श्री तेज प्रताप सिंह यादव | जनपद मैनपुरी के करहल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 80 | श्री अमिताभ बाजपेई | आयुष विभाग में कतिपय अधिकारियों को पुरानी पेंशन दिलाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 81 | श्री प्रभु नारायण सिंह यादव | जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र सकलडीहा के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 82 | श्री बेचई सरोज | जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र लालगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 83 | श्री छोटेलाल वर्मा | जनपद आगरा के फतेहाबाद विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जल निकासी की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 84 | श्री प्रकाश द्विवेदी | जनपद बांदा में रायफल क्लब खेल मैदान को कामर्शियल न किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 85 | श्री महेन्द्र नाथ यादव | जनपद बस्ती में नवीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 86 | श्री अमरेश कुमार | जनपद लखनऊ के अन्तर्गत सीतापुर रोड पर गरीबों के आवास तोड़े जाने के सम्बन्ध में। |
| 87 | श्री माता प्रसाद पाण्डेय | जनपद रायबरेली में महिला को जहर देकर मारे जाने की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 88 | डॉ0 राजेश्वर सिंह | जनपद लखनऊ के सरोजनीनगर में नहर पटरियों के निर्माण कार्य रुक जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। |
| 89 | श्री ऋषि त्रिपाठी | जनपद महराजगंज में तैनात एस0 डी0 ओ0 फारेस्ट द्वारा अनियमितता किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 90 | श्री विपुल दुबे | जनपद भदोही के विधान सभा क्षेत्र ज्ञानपुर में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। |
| 91 | श्री अनिल कुमार त्रिपाठी | जनपद सन्तकबीरनगर में स्थित डाक बंगला के नव निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 92 | श्री राम चन्द्र यादव | जनपद अयोध्या के रुदौली विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 93 | श्री विनय कुमार द्विवेदी | जनपद गोण्डा के मेहनौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 94 | श्री रत्नाकर मिश्रा | जनपद मिर्जापुर के दूधनाथ तिराहे से सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 95 | श्री अनिल पाराशर | जनपद अलीगढ़ के नगर पंचायत मडरॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 96 | श्रीमती इन्द्राणी देवी | जनपद श्रावस्ती के अन्तर्गत ब्लाक हरिहरपुररानी के मजरे में किए गए विद्युतीकरण के कार्य के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 97 | श्री जय प्रकाश अंचल | जनपद बलिया के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 98 | श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' | जनपद लखनऊ में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बिल्डरों से मिलकर नियमों के विरुद्ध दीवाल तोड़ने से आम-जनमानस को परेशान किये जाने के सम्बन्ध में तथा प्रकरण की जांच सी0 बी0 आई0 से कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 99 | श्रीमती कृष्णा पासवान | जनपद फतेहपुर के अन्तर्गत खागा में लम्बी लाइन की वजह से विद्युत आपूर्ति से आम-जनमानस को हो रही परेशानी के सम्बन्ध में। |
| 100 | श्री शफीक अहमद अंसारी | जनपद रामपुर के विधान सभा क्षेत्र स्वार के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण के सम्बन्ध में। |
| 101 | श्री वीर विक्रम सिंह | जनपद शाहजहाँपुर के कटरा में स्थित विकास खण्ड मदनपुर में ग्राम पंचायत की जमीन पर कस्तूरबा गाँधी विद्यालय बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 102 | श्री वीरेन्द्र चौधरी | जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा में कतिपय सड़कों के नव निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 103 | श्री मौहम्मद फहीम इरफान | प्रदेश में जाति प्रमाण-पत्र में तीन स्टारों पर साक्ष्यों को स्वीकार, परीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु स्पष्ट एवं बाध्यकारी मानक संचालन प्रक्रिया जारी किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 104 | श्री मनोज कुमार पारस | जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना में विकास खण्ड किरतपुर की ग्राम पंचायत भनेडा को नगर पंचायत बनाने के सम्बन्ध में। |
| 105 | डॉ0 नीरज बोरा | जनपद लखनऊ में स्वीकृत आई0 टी0 आई0 के निर्माण हेतु भूमि आवंटन न होने के करण कार्य लम्बित होने के सम्बन्ध में। |
| 106 | श्री कविन्द्र चौधरी | जनपद बस्ती के कप्तानगंज विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुबौला-पचपेड़वा मार्ग की चौड़ाई बढ़ाये जाने तथा जल निकासी की समस्या समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
| --- | --- | --- |
| 107 | श्री मनोज कुमार पाण्डेय | जनपद रायबरेली के ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड आवास की बाउण्ड्री निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 108 | श्री राम रतन कुशवाहा | जनपद उन्नाव के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर जिलाधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 109 | श्री देवेन्द्र कुमार निम | जनपद सहारनपुर के नगर पंचायत रामपुर मनिहारन में हो रहे अवैध कालोनियों के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 110 | डा0 अनिल कुमार मौर्य | जनपद कानपुर के जोन-1 में अवैध रूप से पशुओं के चट्टों का संचालन किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। |
| 111 | इंजी0 सरवन कुमार निषाद | जनपद प्रयागराज की तहसील सदर में अवैध कब्जा कर निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 112 | श्री रमेश जायसवाल | जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र मुगलसराय में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 113 | श्री रमेश चन्द्र मिश्र | जनपद जौनपुर के बदलापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 114 | श्री तुफानी सरोज | जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के विकास खण्ड डोभी में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 115 | श्री संदीप सिंह | जनपद लखनऊ स्थित सूर्य नगर रेल लेवल क्रासिंग पर प्रस्तावित अण्डरपास बनवाए जाने के सम्बन्ध में। |
| 116 | श्री मनीष असीजा | जनपद फिरोजाबाद के थाना क्षेत्र रसूलपुर को पी0 डब्लू0 डी0 के गेस्ट हाउस में संचालित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 117 | श्री राज प्रसाद उपाध्याय | जनपद सुल्तानपुर के सदर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुरेभार और बरौसा बाजार को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 118 | श्री कमाल अख्तर | भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव/अक्षय तृतीया को राजकीय अवकाश घोषित किये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
| --- | --- | --- |
| 119 | श्री लक्ष्मी राज सिंह | जनपद बुलन्दशहर के सिकन्दराबाद में चोला औद्योगिक क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण में किसानों को मुआवजा दिलाये जाने या उनकी भूमि अर्जन मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 120 | श्री महेन्द्र पाल सिंह | जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड चरगावां में कतिपय सड़क की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 121 | श्री मनीष रावत | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड सिधौली में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 122 | श्री प्रदीप कुमार चौधरी | जनपद बुलन्दशहर के ग्राम अगौता में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 123 | श्री अजय सिंह (बस्ती) | जनपद फतेहपुर के बिन्दकी तहसील के अन्तर्गत ग्राम सभा अकबरपुर नसीरपुर में अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों पर एफ0 आई0 आर0 दर्ज किये जाने तथा कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में। |

आज नियम-300 के अन्तर्गत 05 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जो औचित्य के प्रश्न के रूप में अग्राह्य हुईं। लोकायुक्त का वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखे जाने विषयक अपनी औचित्य के प्रश्न की सूचना पर विचार व्यक्त करते हुए नेता विरोधी दल ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोकायुक्त अधिनियम, 1975 के अन्तर्गत प्राविधान है कि मा0 लोकायुक्त को मिलने वाली जाँच का प्रतिवेदन मा0 राज्यपाल जी को प्रेषित किया जाएगा। धारा-12 (7), उपधारा-5 के अधीन विशेष प्रतिवेदन या उपधारा-6 के अधीन वार्षिक प्रतिवेदन प्राप्त होने पर मा0 राज्यपाल उसकी एक प्रतिलिपि स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित राज्य विधान मण्डल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखेंगे। लोकायुक्त महोदय का कहना है कि आन्तरिक रिपोर्ट शासन में प्रेषित कर दी गयी है। उन्होंने अवगत कराया कि आन्तरिक रिपोर्ट की कॉपी उनके पास है। इसमें अधिकारियों के खिलाफ, नगर पंचायत अध्यक्षों के खिलाफ, एक-दो मिनिस्टर के खिलाफ कुछ टिप्पणियां की गयी हैं। लेकिन आज तक उसको सदन के पटल पर नहीं रखा गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रश्नगत मामले में रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखने एवं दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई के सम्बन्ध में शासन से जानकारी की मांग की।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि लोकायुक्त की रिपोर्ट के प्रतिवेदन को सदन के पटल पर अवश्य रखा जाना चाहिए और पूर्व में रखा भी

गया। वर्ष 2022 एवं 2023 का वार्षिक प्रतिवेदन स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित गत वर्ष 2025 के द्वितीय सत्र में दिनांक 13-08-2025 को मा0 विधान मण्डल के दोनों सदनों में रखा गया। मा0 लोकायुक्त महोदय का वर्ष 2024 का वार्षिक प्रतिवेदन मा0 राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है तथा मा0 लोकायुक्त कार्यालय के स्तर पर मा0 सदन में प्रस्तुत किए जाने हेतु उसके मुद्रण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, उक्त प्रतिवेदन शासन में प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई वार्षिक प्रतिवेदन मा0 सदन के पटल पर रखे जाने हेतु लम्बित नहीं है। इसमें छुपाने जैसी सरकार की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी तरीके से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु प्रतिबद्ध है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक का मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार वर्ष 2025 का प्रतिवेदन संख्या-9 (निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा-वाणिज्यिक) को सदन के पटल पर रखा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकास एवं सम्पत्तियों का आवंटन उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिवेदन संख्या-11, वर्ष 2025 (निष्पादन लेखा परीक्षा-सिविल) को सदन के पटल पर रखा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण एवं संचालन पर भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिवेदन संख्या-12, वर्ष 2025 (निष्पादन लेखा परीक्षा-वाणिज्यिक) को सदन के पटल पर रखा।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष द्वारा सदन को सूचित किया गया कि अनुपस्थित सदस्यों की याचिकाएं व्यपगत हो जाती हैं।

श्री अनिल सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा के अन्तर्गत मोहनलालगंज-पुरवा-अचलगंज-मंथना स्टेट हाई-वे पुरवा से लखनऊ-कानपुर नेशनल हाई-वे दही चौकी उन्नाव तक प्रमुख मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बृजेश शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती मीनाक्षी सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर की तहसील खुर्जा के खुर्जा नगर स्थित नवीन मण्डी के गेट से दादू पाटरी तक नाले का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सत्यप्रकाश दादू व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री जाहीद, सदस्य, विधान सभा की जनपद भदोही के नगर पालिका परिषद् भदोही द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में श्री अली शेर खां व अन्य निवासीगण जनपद भदोही की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डॉ0 सुनील पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद वाराणसी के विधान सभा क्षेत्र रोहनियां के अन्तर्गत सुसावाही में सी0सी0 रोड कुआं से महेन्द्र पटेल के घर से होते हुए गुरूदेव नगर कालोनी तक तथा महेन्द्र पटेल के घर से रामचन्द्र पटेल के घर के पीछे तक इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गुड्डू पटेल व अन्य निवासीगण जनपद वाराणसी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, सदस्य, विधान सभा की जनपद फर्रुखाबाद के विकास खण्ड बढ़पुर में स्थित ग्राम सभा महलई के मजरा सलेमपुर से नवाबगंज सम्पर्क मार्ग तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सन्तोष राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री रमा शंकर सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद मिर्जापुर के अन्तर्गत मिर्जापुर-सोनभद्र मार्ग, लालपुर से कलवारी मार्ग एवं कलवारी से नहर मार्ग ददरा पहाड़ी रैकरी मार्ग तक चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द कुमार सिंह व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री बाबूराम, सदस्य, विधान सभा की जनपद पीलीभीत के विकास खण्ड पूरनपुर में ऐतिहासिक मेले रामलीला के मैदान में मंच व मीटिंग हाल के बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ऋतुराज पासवान व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री रामवीर सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद मुरादाबाद के विकास खण्ड कुन्दरकी एवं विकास खण्ड-मूंडापाण्डेय के मध्य गागन नदी पर पुल बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री मुकेश व अन्य निवासीगण जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, सदस्य, विधान सभा की जनपद मीरजापुर की तहसील मीरजापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर में इण्टर कालेज विद्यालय की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ज्ञान प्रकाश सिंह व अन्य निवासीगण जनपद मीरजापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर में राजकीय डिग्री कालेज की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अमित गुप्ता व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका व्यपगत हुई।

डॉ0 वीरेन्द्र यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र जंगीपुर के अन्तर्गत ब्लाक बिरनो के ग्राम गजपतपुर में अम्बेडकर जी की प्रतिमा से प्राइमरी स्कूल व डीह बाबा तक सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री श्यामलाल, निवासी जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डॉ0 अजय कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद बागपत के विधान सभा क्षेत्र छपरौली के बिवाडा माइनर पर शीशपाल पुत्र कबूल सिंह के खेत से सिरसली गाँव तक मार्ग का नव निर्माण लोक निर्माण विभाग से कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजू तोमर व अन्य निवासीगण जनपद बागपत की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री संजय शर्मा, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र अनूपशहर स्थित औरंगाबाद बीहरा-जमालपुर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बबलू शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री अरविन्द कुमार सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के विधान सभा क्षेत्र-136, ददरौल के विकास खण्ड काँठ के ग्राम औदापुर-चडरिया सम्पर्क मार्ग से ग्राम कुतुआपुर तक सम्पर्क मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में श्री अभिषेक सिंह व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री चन्द्रपाल सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र डिबाई के ब्लाक दानपुर अन्तर्गत ग्राम भमरौआ से खेड़िया-बरेना लिंक मार्ग तक नव निर्माण के सम्बन्ध में श्री वीनेश लोधी व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री प्रेमसागर पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद महराजगंज के अन्तर्गत ठूठीबारी में 38 किमी0 मार्ग के निर्माण में प्रयोग किये जा रहे घटिया सामग्री की टी0ए0सी0 से जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भोलू यादव व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री हाकिम लाल बिन्द, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र हण्डिया के अन्तर्गत ग्राम सभा मुसहर बस्ती से पूरे सुखवा बिन्द बस्ती तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अरबिन्द कुमार व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री गणेश चन्द्र, सदस्य, विधान सभा की जनपद सन्तकबीरनगर के अन्तर्गत पिड़िया के पास व रामपुर छितौनी के पास जल निकासी हेतु पम्प की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में श्री सन्तोष व अन्य निवासीगण जनपद सन्तकबीरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री प्रदीप शुक्ला, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोरखपुर के विधान सभा क्षेत्र सहजनवां के अन्तर्गत सहजनवां चौराहे से घघसरा होते हुए नेवास तक फोर लेन मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज जायसवाल व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री मोहम्मद ताहिर खान, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र-187, इसौली के ब्लाक बल्दीराय की ग्राम सभा पारा गनापुर होते हुए पारा से मंगल बाजार तक मार्ग का मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रमेश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री वीरेन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा के भगवतनगर परसिया से होते हुए सेमरहनी मार्ग पर रेलवे फाटक से उत्तर भगवतनगर परसिया के जनकनगर (डंगरेपुर) तक पक्का मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री महेन्द्र यादव उर्फ पप्पू यादव व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री शंशाक वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र निघासन के अन्तर्गत ग्राम सभा तिकुनिया को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद लखीमपुर खीरी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री किरत सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर की तहसील नकुड़ के ब्लाक गंगोह के गांव बिलासपुर में माता फूलन्दे मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मोनू प्रधान व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री दीपक पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के अन्तर्गत नगर क्षेत्र नई झूंसी में 13वीं सदी में निर्मित गंगोली शिवाला मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कपिल पटेल व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अनिल कुमार त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद सन्तकबीरनगर के मेंहदावल बाईपास परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण में न्यायोचित मुआवजा प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में श्री संदीप तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद सन्तकबीरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती कृष्णा पासवान, सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के मडरहन डेरा भसरौल व सरकण्डी के मध्य यमुना सहायक नाले पर लघु सेतु पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री छेदी लाल निषाद व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राजमणि कोल, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद प्रयागराज की विधान सभा क्षेत्र कोरांव के अन्तर्गत धूस मोड़ से हनुमान पैतिहा जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नर सिंह केशरी व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रुधौली में खरहराजाप्ती से दाढ़िया-हसनापुर मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सैय्यद अली अहमद, निवासी जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री ऋषि त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद महराजगंज की विधान सभा क्षेत्र नौतनवां के ग्राम सभा आराजी सरकार उर्फ बैरियहवां, पुरैनिहा, महुअवां एवं वरवां भोज को नगर पालिका परिषद् नौतनवां में सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में श्री बब्लू प्रसाद व अन्य निवासीगण जनपद महराजगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र फाजिलनगर के अन्तर्गत विकास खण्ड तमकुही के ग्राम सभा रजवटिया में नहर पिच के पुल से रमाशंकर सिंह के खेत तक सी0सी0 रोड का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री त्रिभुवन दत्त, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खण्ड जहांगीरगंज के ग्राम पाठकपुर में लालचन्द्र मौर्य के खेत से डबलू दूबे के घर तक के मार्ग पर सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शिव प्रसाद गौतम व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री बीरेन्द्र सिंह राणा, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद हाथरस के गम्भीर पट्टी बिसाना में जर्जर विद्युत लाइन बदलवाये जाने के सम्बन्ध में श्री ओजवीर सिंह राणा व अन्य निवासीगण जनपद हाथरस की याचिका व्यपगत हुई।

श्री सीताराम वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र लम्भुआ में धोपाप घाट पर बुनियादी सुविधाओं का विकास किये जाने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार अग्रहरि व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री देवेन्द्र सिंह लोधी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र स्याना में विनोद मास्टर के मकान से रनवीर मंत्री के मकान की तरफ 200 मी0 मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दीपक चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री रामपाल वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बालामऊ के अन्तर्गत विकास खण्ड बेंहदर की ग्राम पंचायत माँडर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनोज कुमार व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री गुरु प्रसाद मौर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र फाफामऊ के विकास खण्ड कौड़िहार ग्राम पंचायत कुरेशर में गंगा जी के तट पर स्थित प्राचीन मन्दिर (कौरेश्वर धाम) का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जंगली प्रसाद व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री जगदीश नारायण, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र केराकत के विकास खण्ड केराकत के ग्राम पंचायत पूरनपुर के ग्राम चरनाडीह श्री ओम प्रकाश पाण्डेय के गाटा संख्या-85 के आवासीय भूमि पर जोखू सिंह एवं अन्य द्वारा किये गये अवैध कब्जे को मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओम प्रकाश पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री हंसु राम, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के ग्राम कुरी बांगर के भूमि सं0-97, 98 मिनजुमला नम्बर क्षे0 417.63 वर्गमीटर की जमीन पर अवैध कब्जे को हटवाये जाने के सम्बन्ध में श्री रिजवान अहमद, निवासी जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री आशीष कुमार सिंह 'आशू', सदस्य, विधान सभा की जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम मल्लावां के अन्तर्गत पुरौली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सदाशिव कुशवाहा व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री संग्राम सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलिया के अन्तर्गत निबिया पोखरा से दुमदुमा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भोला यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री योगेश शुक्ला, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के चिनहट ब्लाक के ग्राम सिन्कदरपुर खुर्द के श्मशान स्थल तक सी0सी0 रोड/सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम खेलावन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री रमेश चन्द्र मिश्र, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र बदलापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड महराजगंज के बाबूगंज में विद्युत सब-स्टेशन का बिजनेस प्लान के तहत निर्माण कार्य शुरू कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धीरज चतुर्वेदी व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अनुराग सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद मीरजापुर के नगर पालिका परिषद्, चुनार में एक बृहद् सब्जी मण्डी का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में सुश्री आरती कुमारी व अन्य निवासीगण जनपद मीरजापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राकेश गोस्वामी, सदस्य, विधान सभा की जनपद महोबा के अन्तर्गत कबरई से ग्राम परसहा तक सड़क का पुनर्निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामनारायण व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद हाथरस के विधान सभा क्षेत्र-79, सादाबाद में विकास खण्ड सादाबाद राजवाहा की बंका माइनर की पटरी

पर राजवाहा से चौकडा तक डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हाथरस की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राकेश प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के नगर पंचायत बक्शी का तालाब के वार्ड नं0-03, सरकपुर सरैया में सोनू पाल के घर से लेकर भौली के टोडीसिंह पुरवा में के0के0 सिंह के घर तक कच्चे मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भानु प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अमन गिरि, सदस्य, विधान सभा की मेसर्स सुखमा संस, नई दिल्ली द्वारा जनपद अलीगढ़ के नगर निगम में कूड़ा निस्तारण हेतु अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत बीजकों की कटौती को निरस्त कर सम्पूर्ण भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद गुड़गांव की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री संजीव अग्रवाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली के अन्तर्गत सेटेलाइट बस अड्डे से पीलीभीत मार्ग व पीलीभीत बाईपास रोड से बीसलपुर चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री छंगामल मौर्या व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री धर्मराज सिंह यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद बाराबंकी के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत बाराबंकी शहर में कम्युनिटी सेन्टर की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बिक्की गुप्ता पहलवान, निवासी जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राम चन्द्र यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली अन्तर्गत विकास खण्ड मवई में निर्मित आई0टी0आई0 में पठन-पाठन शुरू कराये जाने के सम्बन्ध में श्री योगराज यादव व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राम अवतार सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नूरपुर की ग्राम पंचायत रवाना शिकारपुर में नेशनल जू0 हाई स्कूल से श्मशान घाट तक ल0 लगभग 800 मी0 पक्की रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री एजाज अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री मौहम्मद फहीम इरफान, सदस्य, विधान सभा की जनपद मुरादाबाद के तहसील बिलारी के नगर पंचायत महमूदपुर माफी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हाजी जुबैर अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती सरोज कुरील, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर के विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत परास रोड के कोरियां चौराहे से कोरियां होते हुए सवाईपुर चौराहे के मेन

रोड जिला फतेहपुर बार्डर तक रोड का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जीतेन्द्र पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री नन्दकिशोर, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजियाबाद के लोनी अन्तर्गत दिल्ली-सहारनपुर रोड से शब्लू गढ़ी होते हुए घिटोरा मार्ग तक सड़क का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कोमल गुर्जर व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डॉ0 संग्राम यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के कल्ली पश्चिम के जगत खेड़ा के पियूष विहार कालोनी में सड़क व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती सरिता सोनकर व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री महबूब अली, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र अमरोहा सदर में अंजुम कालोनी एवं रेतां दरबार-ए-कलां के विभिन्न गलियों की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जाकिर व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री देवेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद कासगंज के विधान सभा क्षेत्र कासगंज सदर के अन्तर्गत डामर रोड से ग्राम नगला भंडारी तक डामर रोड का मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डॉ0 नीरज बोरा, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के जानकीपुरम रिंग रोड स्थित सेक्टर-एफ से टेढ़ी पुलिया तक सर्विस रोड की मरम्मत एवं चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राकेश पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती ऊषा मौर्या उर्फ अनीला मौर्या, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र हुसैनगंज में गौंती पुल से टांडा भैरांए तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अब्दुल राफे व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री धर्मराज निषाद, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकरनगर के औरंगनगर एवं श्रवण क्षेत्र में बस स्टाप बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री अतुल द्विवेदी व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री दिनेश रावत, सदस्य, विधान सभा की जनपद बाराबंकी के विधान सभा क्षेत्र हैदरगढ़ में बहुउद्देश्यीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रवेश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली के विकास खण्ड चाँदपुर बिसारतगंज रोड से ग्राम कन्धरपुर तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम सेवक व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित वार्ड नं0-105, बाबूपुरवा के अन्तर्गत बी0 एन0 भल्ला अस्पताल में स्थापित ट्यूबवेल को रि-बोर कराये जाने के सम्बन्ध में मो0 मेराज, निवासी जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राकेश यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र गैंसड़ी के अन्तर्गत पचपेड़वा-चन्दनपुर सम्पर्क मार्ग से बढ़ई पुरवा से कल्हुई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री एहसान खां व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री बेचई सरोज, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ की विधान सभा क्षेत्र लालगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा खुशनामपुर में श्री विनोद राम के घर से राम आधार के घर तक पक्का रास्ता बनाये जाने के सम्बन्ध मे श्री विनोद राम व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र भरथना के अन्तर्गत ग्राम करपिया से इकघरा-उरेंग सम्पर्क मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संजीव कुमार व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने यह प्रस्ताव किया कि-

> ''यह सदन, जिस प्रकार तथा जिस तिथि को अध्यक्ष महोदय आदेश दें, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् अधिनियम, 2004 की धारा-3 की अपधारा (3) के खण्ड (ङ) के अनुसार एक मुस्लिम शिया सदस्य, विधान मण्डल के दोनों सदनों से निर्वाचन करें।''

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए एक मुस्लिम शिया सदस्य का निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव, जो इस माननीय सदन में आज दिनांक 20 फरवरी, 2026 को स्वीकृत हुआ है, के अनुसरण में यह सदन सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुए, जहां तक वे निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं, उक्त उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् में

सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए, एक मुस्लिम शिया सदस्य का निर्वाचन कराने के स्थान पर माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को, मा0 सभापति, विधान परिषद् से परामर्श कर विधान मण्डल के सदस्यों में से एक मुस्लिम शिया सदस्य का नाम-निर्देशन करने के लिए प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद् में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा हेतु दलीय नेताओं को बोलने के लिए 10-12 मिनट का समय निर्धारित किया गया।

वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा प्राविधिक शिक्षा मंत्री (श्री आशीष पटेल) के भाषण से आरम्भ हुई।

इनके भाषण के मध्य अपराह्न 12 बजकर 55 मिनट पर अधिष्ठाता श्रीमती अनुपमा जायसवाल पीठासीन हुईं।

निम्नलिखित मंत्रिगण/सदस्यगण ने भी आय-व्ययक की साधारण चर्चा में भाग लिया :-

श्री राजपाल बालियान,

पंचायती राज मंत्री (श्री ओम प्रकाश राजभर),

श्री अनिल कुमार त्रिपाठी,

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',

श्री रघुराज प्रताप सिंह के भाषण के मध्य अपराह्न 01 बजकर 49 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

निम्नलिखित मंत्रिगण/सदस्यगण ने भी आय-व्ययक की साधारण चर्चा में भाग लिया :-

श्री शिवपाल सिंह यादव,

नेता विरोधी दल।

नेता सदन/मुख्य मंत्री ने उत्तर भाषण के साथ चर्चा में प्रतिभाग दिया।

इसी मध्य सायं 04 बजकर 03 मिनट पर अधिष्ठाता डॉ0 राजेश्वर सिंह पीठासीन हुए तथा सायं 04 बजकर 25 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

तदपुरान्त श्री अध्यक्ष ने माननीय मुख्य मंत्री के उद्बोधन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि आपका मार्गदर्शन प्रदेश की जनता के लिए कल्याणकारी होगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को सूचित किया कि मा0 राज्यपाल महोदया जी के अभिभाषण से लेकर मा0 मुख्य मंत्री जी के उद्बोधन तक मा0 नेता विरोधी दल एवं दलीय

नेताओं सहित लगभग 300 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया तथा प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-01 लगायत 02, 04 लगायत 10, 12 लगायत 28, 30 लगायत 36, 38 लगायत 55, 57 लगायत 63, 65 लगायत 87, 89 तथा 91 लगायत 93 के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए रुपये सात लाख चौबीस हजार दो सौ बीस करोड़ उन्नतीस लाख छियासठ हजार (रुपये 7,24,220,29,66,000) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

अनुदान संख्या-01-आबकारी विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 683,60,44,000 (छः सौ तिरासी करोड़ साठ लाख चौवालीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-02-आवास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 7705,44,37,000 (सात हजार सात सौ पाँच करोड़ चौवालीस लाख सैंतीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-04-उद्योग विभाग (खानें और खनिज) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 76,12,35,000 (छिहत्तर करोड़ बारह लाख पैंतीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-05-उद्योग विभाग (खादी एवं ग्रामोद्योग) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 183,06,78,000 (एक सौ तिरासी करोड़ छः लाख अठहत्तर हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-06-उद्योग विभाग (हथकरघा उद्योग) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 5020,56,11,000 (पाँच हजार बीस करोड़ छप्पन लाख ग्यारह हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-07-उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 29162,49,57,000 (उन्नतीस हजार एक सौ बासठ करोड़ उनचास लाख सत्तावन हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-08-उद्योग विभाग (मुद्रण तथा लेखन सामग्री) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 318,42,20,000 (तीन सौ अट्ठारह करोड़ बयालीस लाख बीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-09-ऊर्जा विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 58361,51,05,000 (अट्ठावन हजार तीन सौ इकसठ करोड़ इक्यावन लाख पांच हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-10-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (औद्यानिक एवं रेशम विकास) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 2584,29,66,000 (दो हजार पांच सौ चौरासी करोड़ उन्नतीस लाख छियासठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-12-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (भूमि विकास एवं जल संसाधन) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 337,95,02,000 (तीन सौ सैंतीस करोड़ पंचानवे लाख दो हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-13-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 20534,18,29,000 (बीस हजार पांच सौ चौंतीस करोड़ अट्ठारह लाख उन्नतीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-14-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पंचायती राज) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 28408,90,94,000 (अट्ठाईस हजार चार सौ आठ करोड़ नब्बे लाख चौरानवे हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-15-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 5146,14,49,000 (पांच हजार एक सौ छियालीस करोड़ चौदह लाख उनचास हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-16-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (दुग्धशाला विकास) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 446,81,36,000 (चार सौ छियालीस करोड़ इक्यासी लाख छत्तीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-17-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (मत्स्य) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 883,55,09,000 (आठ सौ तिरासी करोड़ पचपन लाख नौ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-18-कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (सहकारिता) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 1521,07,01,000 (एक हजार पांच सौ इक्कीस करोड़ सात लाख एक हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-19-कार्मिक विभाग (प्रशिक्षण तथा अन्य व्यय) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 35,27,93,000 (पैंतीस करोड़ सत्ताईस लाख तिरानवे हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-20-कार्मिक विभाग (लोक सेवा आयोग) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 183,55,27,000 (एक सौ तिरासी करोड़ पचपन लाख सत्ताईस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-21-खाद्य तथा रसद विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 20123,91,19,000 (बीस हजार एक सौ तेईस करोड़ इक्यानवे लाख उन्नीस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-22-खेल विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 1028,84,81,000 (एक हजार अट्ठाईस करोड़ चौरासी लाख इक्यासी हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-23-गन्ना विकास विभाग (गन्ना) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 411,64,53,000 (चार सौ ग्यारह करोड़ चौंसठ लाख तिरपन हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-24-गन्ना विकास विभाग (चीनी उद्योग) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 1007,01,60,000 (एक हजार सात करोड़ एक लाख साठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-25-गृह विभाग (कारागार) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 2877,58,13,000 (दो हजार आठ सौ सतहत्तर करोड़ अट्ठावन लाख तेरह हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-26-गृह विभाग (पुलिस) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 44145,77,67,000 (चौवालीस हजार एक सौ पैंतालीस करोड़ सतहत्तर लाख सड़सठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-27-गृह विभाग (नागरिक सुरक्षा) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 49,57,14,000 (उनचास करोड़ सत्तावन लाख चौदह हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-28-गृह विभाग (राजनैतिक पेंशन तथा अन्य व्यय) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 537,78,68,000 (पाँच सौ सैंतीस करोड़ अठहत्तर लाख अड़सठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

अनुदान संख्या-30-गोपन विभाग (राजस्व विशिष्ट अभिसूचना निदेशालय तथा अन्य व्यय) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये रु0 12,65,72,000 (बारह करोड़ पैंसठ लाख बहत्तर हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

